**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**सांध्यकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा। झाबुआ कलेक्टर को मिलेगा सम्मान।
2. गांधी सागर अभ्यारण्य में दो चीतों को छोड़े जाने को मुख्यमंत्री ने बताया एतिहासिक झण।
3. नीमच के जावद में मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यो की दी सौगात।
4. ईस्टर का पर्व प्रदेश में पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया गया।

**अब समाचार विस्तार से–**

**प्रधानमंत्री–सीएस दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें प्रदेश के झाबुआ जिले की कलेक्टर नेहा मीना को भी पुरस्कार दिया जाएगा। उन्हें यह सम्मान 'आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम' श्रेणी के तहत मिलेगा।

**चीता–मंदसौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंदसौर स्थित गांधी सागर अभयारण्य में दो चीतों को छोड़े जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में "चीता प्रोजेक्ट" एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। गाँधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान है, जहाँ चीतों को बसाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीतों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से सितंबर 2022 में मध्यप्रदेश में पहली बार लाया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। वन्य जीव पर्यटन की दृष्टि से आज एक ऐतिहासिक दिन है।

**वैंस – भारत यात्रा**

अमरीका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वैंस कल भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। उनके साथ पत्नी उषा वैंस और अमरीका के कई वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। उपराष्ट्रपति वैंस की यह पहली भारत यात्रा है। वे कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली में अन्य कई कार्यक्रम भी होंगे और अमरीका वापस लौटने से पहले उनका जयपुर और आगरा जाने का भी कार्यक्रम है।

**जावद विकास पर्व**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नीमच के जावद में विभिन्न निर्माण कार्यो के लोकापर्ण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुखानंद तीर्थ स्थल को धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा। थड़ोद स्थित हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन किया जाएगा। साथ ही सिंगोली स्थित स्वास्थ्य केंद्र परीक्षण कर उन्नयन की कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने जावद में स्थित स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तरीय करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सुविधि रेयॉन्स प्राइवेट लिमिटेड का भूमिपूजन किया। जिससे लगभग 2000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने जावद में 785 करोड़ 13 लाख के निर्माण
कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसान, महिला, युवा और गरीबों की बेहतरी के लिए विशेष नीतियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसानों की जिंदगी बदलने के लिए सभी खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाएंगे।

**प्रधानमंत्री–सउदी दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 22 तारीख को सऊदी अरब की दो दिन की यात्रा पर जेद्दा जाएंगे। यह पिछले चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की सउदी अरब के वाणिज्यिक केन्द्र की पहली यात्रा होगी।

यह यात्रा सउदी अरब के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत काफी अहम है।

यात्रा के दौरान भारत और सउदी अरब के बीच रक्षा और ऊर्जा सहयोग के साथ ही क्षेत्रीय तथा वैश्विक परिदृश्य से जुडे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही कई अहम समझौतों पर भी हस्ताक्षर होने की संभावना है।

**अमरनाथ यात्रा–पंजीकरण**

जम्मू कश्मीर में श्रम विभाग ने अमरनाथ यात्रा के लिए सेवा प्रदाताओं की पंजीकरण प्रक्रिया शुरु कर दी है। जम्मू में डोगरा में सहायक श्रम आयुक्त के कार्यालय में एक हेल्पडेस्क खोला गया है जहां यात्रा के लिए पंजीकरण निशुल्क किया जा सकता है। पंजीकरण के लिए पहचान दस्तावेज जमा करने होंगे। तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा की समुचित व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यह पहल की गई है।

**ईस्टर**

प्रदेश में आज ईस्टर का पर्व मनाया गया। इस दौरान गिरिजाघरों में विशेष धर्म सभाएं आयोजित की गई जिसमे विश्व शांति की कामना की गई। ईस्टर से एक दिन पहले शनिवार को ईसाई समुदाय ने शांति सद्भावना रैली निकाली। मसीही समाज द्वारा भोपाल में आयोजित रैली में धर्मगुरुओं ने जनसमूह को संबोधित किया। जबलपुर शहर के गिरजाघरों में सुबह से ही प्रभु यीशु की आराधना का क्रम चला। वहीं भंवरताल पार्क के सामने स्थित होली ट्रिनिटी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इंदौर ग्वालियर और झाबुआ में भी ईस्टर पर्व मनाए जाने के समाचार हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। कल सर्वाधिक तापमान शिवपुरी, और सीधी में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं भोपाल में यह 41 दशमलव दो डिग्री सेल्यियस रहा। जबकि अन्य 26 जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विभाग ने दमोह, सागर, सीधी, शिवपुरी, गुना और रतलाम में लू चलने के लिए अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में अमरकंटक में कल 7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

**आईपीएल**

आईपीएल क्रिकेट में आज चंडीगढ़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। पंजाब किंगस द्वारा दिए गए 158 रनों के लक्ष्य को रॉयल चैलेंजर्स बैगलुरू ने 3 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। बैंगलुरू की ओर से विराट कोहली ने नाबाद 73 रन बनाए।

एक अन्य मैच अब से कुछ देर बाद चैन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुंबई में होगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- शिवपुरी जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण और प्रबंधन के उद्देश्य से  दल का गठन किया गया है। घटनाओं के प्रबंधन के लिए कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कल किशोर कुमार सभागृह खंडवा में पंच सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्डधारकों की ई–केवाईसी में लापरवाही बरतने वालों पर जबलपुर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 राशन दुकान संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
- हज यात्रियों के लिए भोपाल के जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में 22 अप्रैल को भी टीकाकरण की सेवा जारी रहेगी। इस वर्ष एक हजार से अधिक हज यात्रियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।
- शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद, इंदौर में वर्ष 2025–26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। आवेदन आगामी 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक जमा होंगे।